संख्याः 4047 / सत्रह–म–2003–10–5(21) / 94 टी0सी0

प्रेषक,

ए0के0 टण्डन,
विशेष सचिव,
उत्तर–प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक मत्स्य,
उ0प्र0, लखनऊ।

मत्स्य उत्पादन अनुभाग

लखनऊः दिनांक 16 जनवरी,2004

विषयः– अम्बेड़कर विशेष रोजगार योजना के अन्तर्गत निर्मित ग्यारह मत्स्य अस्थानों में उपलब्ध तालाबों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रसंख्याः 676 / नि0शा0 / 16–20(92)(9), दिनांक 15.10.2003 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र में किए गए प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि निम्नलिखित 11 मत्स्य आस्थानों में से क्रमांक 1 से 4 तक उल्लिखित मत्स्य आस्थानों में मत्स्य पालन हेतु पट्टा देने की कार्यवाही विभाग के श्रेणी–4 के जलाशयों के लिए निर्धारित नीति व निर्देशों के अधीन मत्स्य विभाग द्वारा सम्पादित की जाय एवं क्रमांक 5 पर उल्लिखित इन्नीताल मत्स्य आस्थान, आजमगढ़ में मत्स्य पालन हेतु पट्टा देने की कार्यवाही मत्स्य पालक विकास अभिकरण की प्रबन्ध समिति के निर्णयानुसार सार्वजनिक नीलामी के आधार पर सम्पादित की जाये तथा क्रमांक 6 से 10 तक उल्लिखित मत्स्य आस्थानों जिनपर संभावित ग्राम समाज का मत्स्य पालन हेतु पट्टा देने की कार्यवाही ग्राम समाज की भूमि में स्थित नदियों, तालाबों एवं पोखरों आदि के लिए राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित नीति–निर्देशों के अनुसार सम्पादित की जाये। कृपया उपर्युक्त के अनुसार तत्काल कार्यवाही सुनिश्चत की जायः–

क्रमांक	मत्स्य आस्थान / जनपद	जिसके स्वामितत्व में है
1–	प्रहलादपुर मत्स्य आस्थान, एटा	मत्स्य विभाग
2–	मिहुता मत्स्य आस्थान, एटा	मत्स्य विभाग
3–	बिजौरी मत्स्य आस्थान, फर्रूखाबाद	मत्स्य विभाग
4–	बडैलाताल मत्स्य आस्थान, रायबरेली	मत्स्य विभाग
5–	इन्नीताल मत्स्य आस्थान, आजमगढ़	मत्स्य पालक विकास अभिकरण
6–	अधरीपुर, मत्स्य आस्थान, प्रतापगढ़	ग्राम समाज
7–	नाहिल मत्स्य आस्थान, शाहजहांपुर	ग्राम समाज
8–	दिलदारनगर मत्स्य आस्थान, गाजीपुर	ग्राम समाज
9–	गोपाला मत्स्य आस्थान, महराजगंज	ग्राम समाज
10–	रामडीह मत्स्य आस्थान, श्रावस्ती	ग्राम समाज
11–	भरतलमदापुर मत्स्य आस्थान, मुरादाबाद	ड्राई एरिया

2– जहां तक उपर्युक्त क्रमांक 11 पर उल्लिखित जनपद मुरादाबाद में स्थित भरतलमदापुर मत्स्य आस्थान का प्रश्न है, उक्त आस्थान ड्राई एरिया में होने के कारण उपयोग नही हो पा रहा है, जिसे देखते हुए फिलहाल उक्त आस्थान में मत्स्य पालन की कार्यवाही अभी संभव नही है।

भवदीय

(ए0के0 टण्डन)
विशेष सचिव

संख्याः 4047 / सत्रह–म–2003–10–5(21) / 94 टी0सी0 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेंषितः–

1– विशेष सचिव, राजस्व अनुभाग–2
2– मण्डलीय उप निदेशक मत्स्य, आगरा, कानपुर, गोरखपुर, देवीपाटन, लखनऊ, मुरादाबाद, वाराणसी / आजमगढ़, इलाहाबाद मण्डल।
3– सहायक निदेशक मत्स्य / मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, एटा / फर्रूखाबाद / रायबरेली / आजमगढ़ / प्रतापगढ़ / शाहजहांपुर / गाजीपुर / महराजगंज / श्रावस्ती / मुरादाबाद
4– गार्ड फाइल हेतु।

आज्ञा से

(के0डी0 वर्मा)
अनु सचिव